# कुलानुशासक कार्यालय

लखनऊ विश्वविद्यालय

संख्या-3847-3925
दिनांकः-30.11.2019

सेवा में,

समस्त संकायाध्यक्ष,विभागाध्यक्ष,निदेशक,पुस्तकालयाध्यक्ष,मुख्य अभिरक्षिका
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

महोदय/महोदया,

वर्तमान समय में विश्वविद्यालय परिसर में शान्ति एवं सुव्यवस्था बनाये रखने एवं परिसर में अनाधिकृत वाहनों का प्रवेश प्रतिबन्धित करने की दृष्टि से निम्नलिखित व्यवस्था की जाती है :-

1. लखनऊ विश्वविद्यालय के शैक्षणिक परिसर में सुव्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से वाहनों का प्रवेश प्रतिबन्धित है । विभिन्न विभागों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों एवं पी-एच0डी0 आदि की मौखिक परीक्षा में आने वाले विद्वतजनों एवं अतिथियों के विश्वविद्यालय आने के एक सप्ताह पूर्व इस कार्यालय से पत्राचार कर उनके परिसर मे वाहन सहित आगमन की अनुमति समयानुसार प्राप्त कर लें, जिससे अतिथियों को कोई असुविधा न हो ।

2. कतिपय विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष/निदेशक/पुस्तकालयाध्यक्ष अपने विभाग से सम्बन्धित उपकरणों को ठीक कराने, फर्नीचरों आदि की मरम्मत हेतु परिसर से बाहर भेजते है, तथा अपने विभाग की आवश्यकतानुसार कुछ नये उपकरण, स्टेशनरी, फर्नीचर आदि क्रय कर विभाग में मंगवाते है, परन्तु तत्सम्बन्धी सामान आदि के अन्दर आने एवं बाहर जाने की समयानुसार सूचना कुलानुशासक कार्यालय में देने का कष्ट करें, जिससे विश्वविद्यालय की सुव्यवस्था बनी रहे और गार्डो, सम्बन्धित फर्मो एवं आपूर्तिकर्ता को भी असुविधा न हो । इस समस्या के निराकरण हेतु समस्त विभागाध्यक्षों/कार्यालयाध्यक्षों/निदेशकों/पुस्तकालयाध्यक्षों से अनुरोध है कि वे अपने विभागीय उपकरणों/फर्नीचरों की मरम्मत हेतु परिसर से बाहर भेजने के पूर्व एवं नये उपकरणों/फर्नीचरों के आदि के क्रय कर अपने विभाग मंगवाने से पूर्व समयानुसार इस कार्यालय से पत्राचार कर अनुमति प्राप्त कर लें, ताकि किसी को कोई असुविधा न हों।

3. सामान आगमन/निर्गमन पास का प्रारूप लखनऊ विश्वविद्यालय की बेवसाइड पर उपलब्ध है । कृपया उक्त प्रारूप को तीन कापियों में भरकर कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें ।

सधन्यवाद।

भवदीया
02.12.19
(प्रो0 अलका पाण्डेय)
कुलानुशासक
लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ

संख्या दिनांकः 30.11.2019

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. माननीय कुलपति जी, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।
2. अधिष्ठाता छात्र कल्याण, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।
3. निदेशक, आई0पी0पी0आर0, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।
4. कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।
5. परीक्षा नियत्रंक, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।
6. वित्त अधिकारी, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।
7. अपर कुलानुशाक, द्वितीय परिसर, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।
8. निदेशक, डाटा रिसोर्स सेन्टर को इस आशय के साथ प्रेषित कि विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

(प्रो0 अलका पाण्डेय)

3.12.19

# कुलानुशासक कार्यालय
लखनऊ विश्वविद्यालय

दिनांकः—..........................

## सामान आगमन/निर्गमन पास

| क0सं0 | वाहन संख्या/वाहन का प्रकार/चालक का मोबाइल नम्बर | सामान की मात्रा | सामान आया | सामान गया | इलेक्ट्रानिक सामान की कम्पनी और संख्या | विभागाध्यक्ष के हस्ताक्षर | गार्ड का पूरा नाम हस्ताक्षर सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | (1) प्रथम गार्ड<br><br>(2) द्वितीय गार्ड |